अगस्त 2026 अंक 5, खंड 10

# परिवर्तन पत्रिका

समुदाय के लिए तक्षशिला की एक पहल


PARIVARTAN
परिवर्तन




ग्राम एवं पो. नरेन्द्रपुर, प्रखण्ड: जीरादेई, जिला: सिवान-841 446 बिहार | मोबाइल : +91 8434170118 | Email : Info@parivartanbihar.org

## क्षेत्र में, फुटबॉल एवं कबड्डी लगातार अपने पैर पसार रहे हैं

सामुदायिक खेल उमंग द्वारा विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए समय समय पर कई छोटे बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी उद्देश्य के तहत इस माह में उमंग द्वारा तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पहला कार्यक्रम पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट था जिसका आयोजन 4-9 अगस्त 2026 को हुआ। चुकी फुटबॉल खेल को अब हमलोग परिवर्तन के साथ साथ विभिन्न 8 पंचायतों तक पहुंचाना चाहते हैं इसी वजह से एक विशेष अभियान चलाकर 8 पंचायतों में फुटबॉल में रूचि रखने वालों का चयन किया गया। इस चयन उपरांत उनका नियमित अभ्यास करवाया गया एवं आवश्यक कौशल से परिपूर्ण करने का प्रयास किया गया। इसके लिए प्रत्येक पंचायत की टीम में कोच एवं मैनेजर भी तय किया गया। कोच के रूप में परिवर्तन के पुराने खिलाड़ियों का भरपूर सहयोग मिला। आठों पंचायतों की टीमों को एक विशेष नाम भी दिया गया,- मियां भटकन स्टार्स, जामापुर रॉयल्स, गडार अवेंजर्स, नरेन्द्रपुर




एडवेंचर्स, भवराजपुर चार्जर्स, चंदौली गंगौली यूनाइटेड, भरौली फाइटर्स एवं बलिया पैन्थर्स। सभी टीमों का आपसी मुकाबला हुआ एवं विभिन्न मुकाबलों को पार करते हुए जामापुर एवं मियां भटकन की टीमों ने फाइनल में अपना जगह बनाई। इन दोनों के बीच आपसी मुकाबला हुआ जिसमे मियां भटकन की टीम को विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। दोनो टीमों के खिलाड़ियों को परिवर्तन की तरफ से सम्मानित किया गया।



इसी कड़ी में फुटबॉल के बाद कबड्डी जैसे खेल को विद्यालय स्तर पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बीते कुछ वर्षो से लगातार प्रयास किया जा रहा है। यह प्रयास अब फलीभूत होता दिख रहा है। बीते 25 अगस्त 2026 को मध्य विद्यालय भवराजपुर के विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूली कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में परिवर्तन टीम का तकनीकी सहयोग रहा। इसमें कुल 6 बालिकाओं की एवं 6 बालको की टीमों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में भवराजपुर टीम विजेता एवं जिरादेई टीम उप विजेता हुई वहीँ बालक वर्ग में भवराजपुर टीम विजेता एवं नरेन्द्रपुर टीम उपविजेता हुई। इन दो महत्वपूर्ण आयोजनों के बाद दिनांक 29 अगस्त 2026 को परिवर्तन परिसर में खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें उमंग से जुड़े कुल 327 लोगों ने भाग लिया। इसमें खिलाड़ी सहित उनके अभिभावक भी शामिल रहे। इस कार्यक्रम के दौरान उमंग द्वारा चलाये जा रहे सभी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया साथ ही साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले कुल 20 खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया


## बच्चों सहित शिक्षकों से भी अब जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है

शिक्षा इकाई द्वारा नियमित रूप से ये प्रयास किया जाता रहा है कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों एवं विद्यालय के शिक्षकों के साथ बेहतर जुड़ाव बनाया जा सके साथ ही साथ नए कौशल का आदान प्रदान किया जा सके। इसी कड़ी में इस माह में शिक्षा कि तीन उप इकाईयों के माध्यम से तीन अगलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 8 अगस्त 2026 को किताबवा शिक्षक विशेषांक कार्यशाला का आयोजना किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य; विद्यालय के शिक्षकों का अपनी पठन शैली को रोचक बनाना तथा शिक्षकों द्वारा विद्यालय स्तर पर बच्चों के लिए की जाने वाली गतिविधियों में उत्साह प्रसारित करना था।

इस कार्यशाला में 9 विद्यालयों से कुल 10 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न गतिविधयों के माध्यम से बच्चों के सत्र को मनोरंजक और उद्देश्यपूर्ण बनाने पर चर्चा हुयी। इसी कड़ी में आने वाले त्यौहार राखी को देखते हुए बच्चों के साथ एक अतिरिक्त गतिविधि उप इकाई घरौंदा द्वारा 19-20 अगस्त 2026 को मध्य विद्यालय बंथू श्रीराम में की गयी। यह राखी निर्माण कार्यशाला थी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आने वाले राखी पर्व पर, बाजार से ना खरीदकर खुद से राखी तैयार कर अपने अन्दर छुपी कला को बाहर ला निखारना था। इसके साथ ही हस्तनिर्मित कला को बढ़ावा भी देना था |

इस कार्यशाला में कक्षा 6-8 वीं के कुल 76 बच्चे शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान बनी राखियों की प्रदर्शनी भी लगी एवं राखी को पर्व के दिन कलाई पर भी सजाई गयी। इसी कड़ी में बच्चों के अन्दर के सम्प्रेषण कौशल ,कविता वाचन के लिए आवश्यक कौशल एवं





अन्दर की झिझक को दूर करने एवं एक बोलने हेतु उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 21 अगस्त 2026 को कविता पाठ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसा- पास के कुल 7 विद्यालयों से 38 बच्चों ने भाग लिया। सभी विद्यालयों ने अपने द्वारा तैयार कविताओं को वाचन, तुकबंदी, लय एवं भाव के साथ प्रस्तुत किया। जिसमें नरेन्द्रपुर, बड़हुलिया एवं संजलपुर विद्यालय को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी प्रतिभागियों को परिवर्तन की तरफ से सम्मानित भी किया गया।

## सामाजिक समस्याओं की जागरूकता का प्रभावी माध्यम हैं, नाटक


सामाजिक बदलाव हेतु जारुकता के लिए नाटक एक प्रभावी माध्यम है। इस माध्यम का उपयोग परिवर्तन द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसके लिए समय समय पर अलग अलग विषयों से जुड़े नाटकों का प्रदर्शन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में बीते 1 अगस्त 2026 को सामुदायिक रंचमंच द्वारा विजय दान देथा की कहानी आदमजात की नाट्य प्रस्तुति की गयी। यह नाटक आपसी विश्वास और छल पे आधारित था। इंसान और इंसानियत की गाथा कहता यह नाटक आम दर्शकों को सबक दे गया कि इंसान की मजबूरियों और उसकी समस्याओं का लाभ न उठायें और इंसानियत की मिसाल पेश करें। सामुदायिक रंगमंच अपने सभी नाटकों एवं गीतों के द्वारा समाज में व्याप्त सामाजिक समस्याओं पर सकारात्मक सन्देश देता है। उसी श्रृंखला में नाटक आदमजात की प्रस्तुति की गयी। इस प्रदर्शन में कुछ विशिष्ट अतिथियों के साथ समुदाय से 200 दर्शक शामिल हुए। शिल्प के स्तर पर भी यह नाटक काफी सफल रहा।





## महिला समूह की युवा नेतृत्वकर्ता का कौशल लगातार बढ़ रहा है

महिला समूह की नेतृत्वकर्ता महिलाएं जागृति महिला समाख्या कार्यक्रम की आधारशिला, संचालक और पथ प्रदर्शक हैं। इसलिए कुछ वर्षो के अंतराल के बाद महिला समूह को आगे की चुनौतियों से जूझने और उसके समाधान की जिम्मेवारी रिले दौड़ की तरह युवा महिलाओं को दी जाती रही है। फिर जब –जब ऐसा होता है तो नए नेतृत्वकर्ताओं को कार्यक्रम को समझने और इसे आगे ले जाने के लिए उनके साथ कई स्तरों पर संवाद सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में दिनांक 22 अगस्त 2026 को इन नए नेतृत्वकर्ताओं के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 37 महिलाओं की उपस्थिति रही। उल्लेखनीय बात यह रही कि पहली बार इस प्रशिक्षण में उन महिलाओं की अधिकता रही जो न केवल 25-35 वर्ष के आयु वर्ग की थीं बल्कि पढ़ी लिखी थीं। कई ऐसी महिलाएं भी थीं जिन्होंने मैट्रिक अथवा उससे आगे की पढाई पूरी की थी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कई छोटे –छोटे सत्रों और गतिविधियों में बंटा था। जोड़े में जब एक प्रतिभागी अपने दूसरे सहयोगी प्रतिभागी का परिचय दे रही थी तो देखकर ऐसा लगा कि न जाने कितने वर्षों के बाद दो बिछुड़े दोस्त आपस में मिले हैं।



इसी तरह जब महिलाओं को ताकत ( पॉवर) क्या है और इसको लेकर महिलाओं की अवधारणा किन रूपों में हमारे सामने परिलक्षित होती है इसके बारे में प्रतिभागियों से चर्चा शुरू की तो उन्होंने इसे पूरी गहराई से समझने की चेषटा की। इसे लेकर अपने सवाल पूछे और खुली चर्चा में भाग लिया। प्रशिक्षक द्वारा उनके साथ कुछ खेल खेले गए और कुछ प्रेरक गीत भी गाए गए ताकि वे पूरी सहजता से प्रशिक्षण कार्यक्रम में बनी रहें और चर्चा में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे सभी पंचायतों में भी करने की योजना बनी है ताकि हमारे सभी 160 महिला समूह के नेतृत्वकर्ताओं को यह प्रशिक्षण मिल सके।



## संगठन को अधिक प्रभावी एवं किसान हितैषी तरीके से संचालित करने का प्रयास

दिनांक 23 अगस्त 2026 को परिवर्तन परिसर में पशुपालन सह जनहितार्थ परिवर्तन किसान उत्पाद संगठन (FPO) की वार्षिक आमसभा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में FPO से जुड़े 132 अंशधारक किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक के दौरान अंशधारक किसानों को पशुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को पशुओं की बेहतर देखभाल, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों तथा वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन करने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने के लिए बेहतर नस्ल एवं उचित प्रबंधन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वार्षिक आमसभा के दौरान FPO परिवर्तन के सत्र 2025-26 के किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से संगठन को अधिक प्रभावी एवं किसान हितैषी तरीके से संचालित करने की दिशा में कदम उठाया गया। आमसभा में अंशधारक किसानों से सुझाव भी लिए गए। किसानों ने FPO से मिलने वाली सेवाओं के दौरान आने वाली समस्याओं एवं कठिनाइयों को बैठक में रखा। प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं पर चर्चा करते हुए संबंधित मामलों का तात्कालिक समाधान करने पर जोर दिया गया। वार्षिक आमसभा में आगामी कार्ययोजना को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय एवं चर्चा हुई। बैठक में अंशधारक किसानों को कृषि एवं पशुपालन के साथ-साथ सूक्ष्म एवं लघु उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंशधारकों को उद्योग शुरू करने एवं उसे आगे बढ़ाने में FPO




आय-व्यय एवं लाभांश का विवरण अंशधारक किसानों के समक्ष साझा किया गया। संगठन की वित्तीय गतिविधियों की जानकारी सदस्यों को देते हुए कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में संगठन के कार्यकारी सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर कार्यकारी समिति का पुनर्गठन भी परिवर्तन की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही गई। इस पहल का उद्देश्य अंशधारक किसानों के लिए आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित करना, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाना तथा किसानों को उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाना है।

## आगे आने वाले प्रमुख कार्यक्रम

**पठन लेखन कार्यशाला (15 सितम्बर 2026):** बच्चों के अन्दर पढ़ने लिखने की रूचि को बढ़ाने एवं इसी क्षेत्र में बच्चों को कौशलपूर्ण करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन परिवर्तन परिसर में किया जायेगा जिसमे आस पास के विद्यालय के बच्चे भाग लेंगे।

**नुक्कड़ प्रदर्शन (16-19 सितम्बर 2026):** लत या आदत में बदलाव लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ प्रदर्शन का आयोजन अलग अलग चार गाँवों,- भवराजपुर, गोंठी, नारायणपुर एवं संथू में किया जायेगा। इस प्रदर्शन के दौरान व्यवहार या गलत आदत को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा।

**स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट (17-19 सितम्बर 2026):** फुटबॉल खेल के प्रति स्कूली बच्चों में रूचि पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन उड़ान खेल मैदान में किया जायेगा जिसमें भरौली, बंगरा उज्जैन, नरेन्द्रपुर एवं शहीद उमाकांत विद्यालय के बच्चे भाग लेंगे । इस कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार देने एवं आयोजनकर्ता के रूप में उच्च विद्यालय बंगरा उज्जैन का विद्यालय प्रबंधन होगा। परिवर्तन का तकनीकी सहयोग रहेगा।

**फुटबॉल दोस्ताना मैच (20 सितम्बर 2026):** परिवर्तन फुटबॉल से जुड़े खिलाड़ियों के अन्दर फुटबॉल को लेकर कौशल वृद्धि के उद्देश्य से समय समय पर बाहरी टीमों के साथ मुकाबला करवाया जाता है। इसी कड़ी में पुनः इस मैच का आयोजन परिवर्तन परिसर में किया जायेगा।

**झरोखा प्रगति प्रमाणपत्र वितरण (20 सितम्बर 2026):** इस कार्यक्रम के माध्यम से झरोखा से जुड़े बच्चों का बैच पूरा हो जाने के उपरांत उनका परिणाम घोषित किया जायेगा साथ ही साथ बच्चों के अभिभावक एवं शिक्षकों के हाथों प्रमाणपत्र भी वितरित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन परिवर्तन परिसर में होगा।

**स्वस्थ माँ स्वस्थ शिशु जागरूकता अभियान (22 सितम्बर 2026):** बाबु भटकन आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

**चहकने की ललक कार्यशाला (23 सितम्बर 2026):** प्रत्येक चार माह पर प्रकाशित होने वाली बच्चों कि पत्रिका चहकने की ललक के अनगले अंक हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसमें अलग अलग थीम पर आधारित बच्चों द्वारा चित्रांकन एवं लिखने का कार्य किया जायेगा।

**सामुदायिक शिक्षण प्रतियोगिता (24 सितम्बर 2026):** उमंग नेतृत्व प्रशिक्षण सत्र में जुड़े बच्चों के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन परिवर्तन परिसर में किया जायेगा जिसमें समुदाय से लगभग 43 बच्चे भाग लेंगे एवं इस कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों मे सहभागिता कर अपने कौशल को बढ़ाएंगे।

**रबी कार्यशाला (24 सितम्बर 2026):** परिवर्तन से जुड़े किसानों के साथ आने वाले रबी सीजन की आवश्यक तैयारी को लेकर रबी कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यशाला के दौरान रबी फस्लोत्पन के वैज्ञानिक विधि एवं इस दौरान उपयोग में ली जाने वाली विभिन्न कृषि सामग्री एवं उपकरणों आदि पर प्रकाश डाला जायेगा। इस कार्यशाला का आयोजन परिवर्तन परिसर में किया जायेगा।

**पंचायती राज विषयक प्रशिक्षण (25 सितम्बर 2026):** इस कार्यशाला का आयोजन नरेन्द्रपुर में किया जायेगा जिसमें इस कार्यक्रम के माध्यम से हम न केवल अपने महिला समूह के नेतृत्व कर्ताओं में समूह का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक कौशल का विकास करना चाहते हैं बल्कि उन्हें इसी कार्यक्रम के माध्यम से पंचायत राज कानून की विशेषताओं से परिचित भी कराना चाहते हैं ताकि महिला समूह से जुड़ी महिलाएं वार्ड सभा ,ग्राम सभा और पंचायत द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में भाग ले सकें ।

**गाँधी जयंती (2 अक्टूबर 2026):** गाँधी जी के जीवन एवं उनके विचारों को जन जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम जिरादेई में किया जायेगा जहाँ गाँधी जी के जीवन मूल्यों को विभिन्न गीतों , संगीत एवं नाटक के माध्यम से लोगों के बीच प्रस्तुत किया जायेगा।

**एक दिवसीय प्रायोगिक विज्ञान कार्यशाला (6 अक्टूबर 2026):** विज्ञान विषय से जुड़ी प्रायोगिक समझ को बच्चों के अंदर विस्तारित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन स्थानीय उच्च विद्यालय में किया जायेगा |

**ग्राम स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यशाला (9 अक्टूबर 2026):** जागृति महिला समाख्या की महिला समूह से जुड़ी महिलाओं के साथ इस कार्यशाला का आयोजन ग्राम छाजवां में किया जायेगा। इस कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण को लेकर बातचीत होगी एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उन्हें इस विषय पर जागरूक करने का प्रयास भी किया जायेगा।

**S4D बालिका कबड्डी प्रतियोगिता (9-11 अक्टूबर 2026):** उमंग के S4D सेशन से जुड़े बच्चों के साथ कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा ताकि खेल के जरिये बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहित किया जा सके साथ ही साथ कबड्डी को लेकर गाँव में एक माहौल बनाया जा सके जिससे बच्चे पढ़ने के साथ साथ कबड्डी जैसे खेल में भी रूचि दिखा सकें।

**नन्हे कदम कार्यशाला एवं पॉपअप पुस्तकालय (9 अक्टूबर 2026):** परिवर्तन बालघर आँगन से जुड़े बच्चों द्वारा बीते 6 माह के दौरान जितनी गतिविधियाँ सीखी गईं उसके प्रदर्शन एवं बच्चों के अन्दर आये बदलाव को उनके अभिभावकों के बीच प्रस्तुत करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन रुईयां आंगनबाड़ी केंद्र पर किया जायेगा साथ ही साथ किताबों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**महिला किसान गोष्ठी (15 अक्टूबर 2026):** परिवर्तन कार्यक्षेत्र की महिला किसानों के साथ इस गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा जिसमें महिलाओं द्वारा कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे विभिन्न प्रयोगों के बारे मेंबताया जायेगा साथ ही महिलाओं द्वारा कृषि के क्षेत्र में और क्या किया जा सकता है उसपर भी चर्चा होगी।